




डाक पंजीयन क्र. L/RNP/म.प्र./मन्दसौर/122/2024-26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 244 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 18 जून 2024 | मूल्य 2 रुपया





## शोक बैठक

स्व. सेठ श्री राजाराम जी गुप्ता की पुत्रवधु, स्व. सेठ श्रीकांत जी गुप्ता की धर्मपत्नी एवं हमारी पूज्य माताजी

**श्रीमती अल्पना जी गुप्ता**

का 16 जून रविवार को अचानक देवलोक गमन हो गया। जिनकी शोक बैठक 22 जून शनिवार तक प्रतिदिन संध्या 5 से 6.30 बजे तक निवास स्थान राजाराम एंड ब्रदर्स स्टार्च फैक्ट्री परिसर मंदसौर पर रखी गई है।

**** शोकाकुल ****

राखी गर्ग, पूजा विपिन जी गोयल, मुक्ता विशाल जी गोयल एवं समस्त गुप्ता परिवार मंदसौर

राजाराम एंड ब्रदर्स स्टार्च फैक्ट्री मंदसौर


# दस साल में पानी के नाम पर एक अरब खर्च..!

## सात साल से शो पीस बनी हुई चंदरपुरा की पेयजल टंकी, अब सात दिन में सप्लाय शुरू करने का दावा

**मंदसौर, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** पानी के नाम पर नगर पालिका दस साल में करीब एक अरब रूपए खर्च कर चुकी है। इसके बाद भी चंबल योजना, कोर्ट क्षेत्र की पानी की टंकी, चंदरपुरा की पेयजल टंकी सहित कई काम अफसरों की लापरवाही को बयां कर रहे हैं। बात करें चंदरपुरा की पेयजल टंकी की। चंदरपुरा क्षेत्र में सात साल से पेयजल टंकी शोपीस बनी हुई है। साढ़े तीन साल से शहर में वितरण लाइन डल रही है। लेकिन, चंदरपुरा क्षेत्र को लेकर नपा जनप्रतिनिधि गंभीर नहीं हैं। चंदरपुरा की पेयजल टंकी का उपयोग अभी तक नहीं हो पाया है। लंबे समय से जल्द ही कनेक्शन करने के दावे किए जा रहे हैं। एक बार फिर एक सप्ताह में टंकी से पानी सप्लाय का दावा किया जा रहा है।

शहर में सालों से पेयजल समस्या है। इसके समाधान के नाम पर नपा अब तक एक अरब से अधिक खर्च कर चुकी है। लेकिन, छोटी-छोटी गड़बड़ियों के चलते शहर की जनता को लाभ नहीं मिल रहा है। नपा ने 2012-14 में शिवना पर कालाभाटा बांध बनाया। तब दावे किए गए थे कि 35 से 40 साल तक पेयजल समस्या नहीं होगी। पेयजल आवर्धन योजना के दूसरे चरण में शहर किला क्षेत्र में 26 लाख लीटर की सबसे बड़ी पेयजल टंकी का निर्माण किया। लेकिन, जमीन की टेस्टिंग में लापरवाही से आज यह टंकी अनुपयोगी हो गई है। चंबल योजना के नाम पर मोटी रकम खर्च करने के बाद भी उद्देश्य शत प्रतिशत पूरा नहीं हुआ। यही नहीं नपा ने चंदरपुरा क्षेत्र में सात साल पहले नई पेयजल टंकी का निर्माण कराया। इससे पशुपतिनाथ मंदिर से लेकर चंदरपुरा, सीतामऊ फाटक क्षेत्र तक लोगों को पानी की सप्लाई दी जाना है। इस क्षेत्र में 8 हजार से अधिक आबादी निवास करती है। टंकी निर्माण के बाद नपा ने इसे भरने के लिए रामघाट सप्लाई लाइन से कनेक्शन कर दिया। लेकिन, नपा आज तक टंकी को पेयजल वितरण लाइन से नहीं जोड़ पाई है।

### जमीन विवाद बना रोड़ा...

नपा ने शहर में पेयजल समस्या समाधान के लिए जून 2020 में नवीन पेयजल वितरण लाइन के लिए 17 करोड़ रूपए में टेंडर किया। इसमें सभी नई टंकियों को वितरण लाइन से जोड़ा जाना था। नपा ने नृसिंहपुरा क्षेत्र में बनी टंकी को 10 साल बाद कनेक्शन कर चालू तो कर दिया। लेकिन, चंदरपुरा क्षेत्र में बनी टंकी में 800 फीट पेयजल लाइन जोड़ने में चार साल निकाल दिए। जानकारी के अनुसार टंकी व वितरण लाइन के मध्य करीब 800 फीट निजी जमीन का विवाद आ रहा है। इससे नपा कनेक्शन नहीं कर पाई। हालांकि, अब विवाद सुलझने की बात कहकर जल्द ही पानी की सप्लाय शुरु करने की बात जिम्मेदार कह रहे हैं।

### सात दिन में होगी सप्लाय शुरु...

चंदरपुरा पेयजल टंकी से सप्लाय के बीच रोडा बन रहा जमीन का विवाद सुलझ गया है। सामान आ गया है और सात दिन में पानी की सप्लाय शुरु हो जाएगी।

**निलेश जैन**
**जलकल सभापति, नपा, मंदसौर**



### विवादों में रहा टंकी का प्रोजेक्ट...

कुछ समय पहले नपा ने शहर की जलापूर्ति को बेहतर करने के लिए 26 करोड़ 48 लाख 88 हजार रूपए में सीएमआर इन्फ्रास्टेक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को काम की जवाबदारी सौंपी थी। इसमें शहर किला पर टंकी के साथ अन्य क्षेत्रों में पाइपलाइन सहित जल सप्लाई योजना से जुड़े अन्य काम और टंकियों का निर्माण होना था। बाकी काम तो पूरे हुए, लेकिन किले पर बनी टंकी निर्माण शुरू होने से लेकर बनने के बाद तक विवादों में घिरी है। नपा ने तमाम प्रक्रियाओं का पालन कर इसका निर्माण करवाया। लेकिन, अब इस में दरारें पड़ी और इस पर सवाल उठे तो नपा के पास कोई जवाब नहीं है। मामला गरमाया तो टेस्टिंग के बाद नपा ने इसका उपयोग शुरु नहीं किया। अब इस टंकी को डिस्मेंटल करना ही आखिरी रास्ता है। हालांकि, इस पर निर्णय नहीं हो पाया है।



# दो किसानों के खेत पर बनी झोपड़ी में लगी आग, सुखला और कृषि उपकरण जले

**सेमलिया काजी, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** गांव के दो किसानों के खेत पर बनी झोपड़ी में आग लग गई। जिससे झोपड़ी में रखा पशुओं के सुखला व कृषि उपकरण जलकर राख हो गए।

जानकारी अनुसार अफजलपुर थाना क्षेत्र के गांव सेमलिया काजी में रुस्तम शाह पिता नजीर शाह व रसूल शाह पिता नजीर शाह के खेत पर बनी झोपड़ियों में आग लग गई। जिससे झोपड़ी में रखे पशुओं के सुखले सहित हजारों रुपये के कृषि उपकरण जलकर राख हो गए। किसानों के अनुसार उन्हें सुबह साढ़े पांच बजे पड़ोसी अल्ताफ मंसूरी ने फोन लगाकर बताया कि खेत पर झोपड़ी में आग लग गई है। तब गांव वाले आस पड़ोसी को बुलाकर आग बुझाने की कोशिश की। जब आग नही बुझी तो 100 डायल को सूचना दी। उसके बाद फायर बिग्रेड भी पहुंची और आग पर काबू पाया। तब तक झोपड़ी में रखा सुखला व कृषि उपकरण, पाइप लाइन, केबल, इंजन, फव्वारा सब जलकर राख हो गए।

किसान रसूल शाह के अनुसार उसके 40 हजार रूपए का नुकसान हुआ तो रुस्तम शाह के मुताबिक 50 हजार का नुक़सान हुआ। इनका कहना है कि आग कैसे लगी, हमे जानकारी नही है। आग की सूचना अफजलपुर थाने पर दी थी। जिसकेबाद मौकेपर 100 डायल व टीआई भी मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। जिसकेबाद फायर ब्रिगेड भी पहुंची, जिससे आग बुझाई गई।

# रहीमगढ़ के दो घरों को चोरों ने बनाया निशाना

## आक्रोशित लोग पहुंचे थाने, किया घेराव



**मंदसौर, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊ थाना क्षेत्र के ग्राम रहिमगढ़ में चोरों ने दो घरों में चोरी की वारदात की। जिसमें नकदी और जेवरात ले गए। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीण सीतामऊ थाने पहुंचे। यहां थाने का घेराव किया गया।

रहीमगढ़ गांव में बीती रात गांव के दो घरो में बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने कैलाश पिता शंकर लाल प्रजापत के यहां 5 जोड़ी चांदी की पायल, एक कंदोरा, चेन, अंगूठी, पोची, बिछिया सहित डेढ़ हजार रुपए नगदी चुरा ले गए। वही बदमाश उदय सिंह पिता बापू सिंह गुर्जर के घर से सोने, चांदी के आभूषण व 23 हजार रुपए नगदी चुरा ले गए। घटना के बाद गुस्साए सैकड़ों ग्रामीण दो ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर सीतामऊ थाने पहुंचे। काफी देर चले हंगामे के बाद पुलिस ने चोरी की एफआईआर दर्ज की। पुलिस ने ग्रामीणों को जल्द ही चोरी का पता लगाने का आश्वासन दिया है।

उल्लेखनीय है कि रहीमगढ़ में हुई चोरी की वारदात में कंजरो का हाथ होने की आशंका जताई जा रही है। जिले से सटे राजस्थान के इलाकों से कंजर एमपी में आकर वारदातों की अंजाम देते है। एक साल पहले कंजरो को रोकने के लिए पुलिस ने अभियान चलाया था। तब मंदसौर एसडीओपी रहे नरेंद्र सोलंकी को इसमें अच्छी सफलता मिली थी। लेकिन, उसके बाद कंजरो पर दबाव बनाने के लिए कोई कारगर रणनीति नहीं बनाई गई।

# चलते ट्राले में जा घुसे बाईक सवार, दो गंभीर

**मनासा, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** रविवार देर रात कुकड़ेश्वर थाना क्षेत्र के मनासा-रामपुरा मार्ग पर बीएसएनएल टावर के समीप बाइक सवार दो युवक ट्राले में जा घुसे। इस हादसे में बाइक सवार दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें डायल 100 की मदद से पहले मनासा के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें नीमच रेफर कर दिया गया। जहां बड़े अस्पताल में घायल युवकों का इलाज जारी है।

दरअसल बाइक सवार युवक कालू लाल उम्र 33 साल और राजू उम्र 35 साल बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान वे आगे जा रहे ट्राले में पीछे से जा घुसे। हादसे में कालू लाल का एक पैर बुरी तरह से जख्मी हो गया। वहीं राजू के सिर और मुंह में गंभीर चोट आई है। मामले की जांच मे पुलिस जुटी हुई है।

# समाज की पंचायत में दबाव बनाने के लिए रची थी अपहरण की झूठी कहानी

**शामगढ़, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र के ग्राम रुंडी में कुछ लोगों पर घर में घुसकर मारपीट कर बुजुर्ग के अपहरण की शिकायत दर्ज की गई। इस मामले में पुलिस ने जांच की। जिसमें पता चला कि अपहरण की झूठी साजिश रची गई थी। अपहरण जैसी कोई घटना नहीं हुई थी। सामने वाले पक्ष पर सामाजिक पंचायत में दबाव बनाने के लिए यह प्लानींग की गई थी।

पुलिस ने बताया कि 05 जून को नैनीबाई पति प्रकाश गरासिया निवासी रुंडी ने अपने भाई कपिल पिता दलसिंह बंजारा निवासी ओढावा के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। जिसमें उसने बताया कि ग्राम रुण्डी के राठौर परिवार के श्यामलाल राठौर, सुरजमल राठौर, शिवलाल राठौर, बंशी राठौर, कालु राठौर व नोजीबाई ने घर आकर मारपीट की। वहीं ससुर सूरजमल पिता दुर्गा गरासिया को अपहरण कर ले गए। पुलिस ने मामले में धारा 294, 323, 365, 336, 341, 34 में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की। टीम गठित कर अपहृत सुरजमल गरासिया की तलाश हेतु मुखबीर तन्त्र को सक्रिय किया गया। तकनिकी अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। जिसके बाद अपहृत सुरजमल गरासिया को फरियादीया नैनीबाई के भाई कपिल कछावा निवासी ओढवा एंव उसके साथी अर्जुन दायमा, दिलीप उर्फ मदन बंजारा, विष्णु मेघवाल के कब्जे से दस्तयाब किया गया।

सुरजमल गरासिया से मनोवैज्ञानिक तरीके से पुछताछ की गई। जिसमे पुलिस को गुमराह करने का काफी प्रयास किया गया। किन्तु अपहृत सुरजमल द्वारा अंततः पुलिस को वास्तविक घटना का खुलासा करते हुए बताया कि ग्राम रुण्डी के राठौर परिवार पर सामाजिक पंचायत में दबाव बनाने के लिए उनके विरुद्ध फरियादिया नैनीबाई व उसके भाई कपिल कछावा के द्वारा अपहरण की झुठी रिपोर्ट लिखवाकर छुपाकर रखा था।

# प्रदेश में होगा बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

## मंदसौर पुलिस कप्तान का भी हो सकता है स्थानांतरण

**भोपाल, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** पिछले दिनों मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव के तौर पर डॉ. राजेश राजौरा की नियुक्ति के बाद ये लगभग तय हो गया है कि वे ही मध्यप्रदेश के अगले मुख्य सचिव होंगे। इसी के साथ प्रदेश को नया डीजीपी भी मिल सकता है। मौजूदा डीजीपी सुधीर सक्सेना का दो साल का कार्यकाल 2 मार्च 2024 को पूरा हो चुका है। वे नवंबर में रिटायर हो रहे हैं। उनकी जगह अजय शर्मा (डीजी, ईओडब्ल्यू) और अरविंद कुमार (डीजी, होमगार्ड) में से किसी एक को ये पद मिल सकता है। दरअसल, लोकसभा चुनाव से निपटने के बाद अब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जल्द ही नए सिरे से प्रशासनिक जमावट करने वाले हैं। इसकी शुरुआत उन्होंने अपने कार्यालय से कर दी है। अब मंत्रालय और मैदानी स्तर पर नए सिरे से अफसरों की पोस्टिंग होगी।

इधर मंदसौर सहित छह जिले के पुलिस कप्तान बदलने की भी चर्चा है। इसमें होशंगाबाद, सिहोर, रायसेन, शहडोल, आगर मालवा के पुलिस कप्तान का भी स्थानांतरण तय माना जा रहा है। बता दे कि मंदसौर के पुलिस कप्तान श्री अनुराग सुजानिया ने फरवरी 2022 को मंदसौर में पुलिस अधीक्षक का चार्ज लिया था। इसके अलावा प्रदेश के छह जिलों के कलेक्टर बदलने की चर्चा भी है। इसमें फिलहाल मंदसौर कलेक्टर का नाम शामिल नहीं है।



### कार में लगी आग

**मंदसौर, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** गरमी के चलते वाहनों में आगजनी की घटनाएं सामने आ रही है। एक और घटना मंदसौर शहर के पुलिस पेट्रोल पंप के पास हुई। यहां एक कार में आग लग गई। जिसके बाद लोगों ने आग पर काबू पाया।

# सीबीएसई: साल में दो बार होंगी 10 वीं 12वीं की परीक्षा

**मंदसौर, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** उच्च शिक्षण संस्थानों में साल में दो बार प्रवेश देने की मंजूरी के बाद शिक्षा मंत्रालय ने अगले शैक्षणिक सत्र यानी 2025-26 से दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं को भी साल में दो बार कराने को लेकर अपनी सैद्धांतिक सहमति दे दी है। यह परीक्षाएं जेईई की तर्ज पर पहली परीक्षा फरवरी में और दूसरी परीक्षा अप्रैल में कराने की बात कही गई है। हालांकि सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों में ही फिलहाल यह व्यवस्था लागू होगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश साल में एक बार ही परीक्षा लेगा। बोर्ड के अधिकारियों का कहना है व्यवस्था अच्छी है, लेकिन साल में दो बार परीक्षा कराने से अभिभावकों पर फीस का भार बढ़ेगा। आगे इस पर विचार किया जाएगा।



छात्रों को दोनों ही परीक्षाओं में शामिल होने के विकल्प दिए जाएंगे। इनमें से उनका प्रदर्शन जिसमें बेहतर होगा उसे ही अंतिम स्कोर माना जाएगा। अधिकारियों के अनुसार दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं को साल में दो बार कराने के लिए दो फॉर्मूले तैयार किए गए हैं। दूसरा फॉर्मूला सेमेस्टर यानी छह- छह महीने में परीक्षा कराने का भी है। हालांकि, अब तक जेईई की तर्ज पर ही इसे कराने को लेकर सहमति बनी है।

**अभी है यह व्यवस्था**–वर्तमान में माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) मध्य प्रदेश द्वारा साल में एक बार छात्र-छात्राओं की परीक्षा कराता है। इसमें 10वीं कक्षा में विद्यार्थियों को दो विषय एवं 12वीं कक्षा में एक विषय में पूरक की प्रदानता दी जाती है। फैल विद्यार्थियों के लिए रुक जाना नहीं योजना के तहत दूसरा मौका दिया जाता है।

जानकारों की माने तो वर्तमान में जिस तरह से बोर्ड परीक्षाएं ली जाती हैं, उससे किसी एक दिन अपेक्षित प्रदर्शन नहीं करने से परिणाम पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। ऐसी परीक्षाएं बहुत अधिक मात्रा में तथ्यों से संबंधित होती हैं और इसके कारण तनाव भी पैदा होता है। ऐसे में नए करिकुलम फ्रेमवर्क में दीर्घकाल में सभी बोर्ड को सेमेस्टर प्रणाली अपनाने की सलाह दी गई है।

# मौसम : उमस भरी गर्मी से आमजन के हाल बेहाल

**मंदसौर, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** नौ दिन चलने वाली रोहिणी को गरमी की सीजन के सबसे गर्म दिनों में माना जाता है। इस समय सूर्य रोहिणी नक्षत्र में रहता है। आम बोलचार की भाषा में इसे नौतपा या नवतपा भी कहा जाता है। लेकिन, उस समय से ज्यादा गर्मी अब सता रही है। जबकि, तापमान में इजाफा नहीं हुआ है। लेकिन, उमस के कारण लोगों के हाल बेहाल है। पंखे कूलर भी राहत नहीं दे पा रहे हैं।



सोमवार को समूचे अंचल में दिनभर तेज धूप रही। बारिश नहीं हुई। अधिकतम तापमान 40 डिग्री व न्यूनतम तापमान 27 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम जानकारों के अनुसार बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में आ रहा मानसून गुजरात मे ठहर गया है। इसी कारण से 15 जून तक मध्यप्रदेश मे पहुंचने वाला मानसून अब तय समय से 4-5 दिन देरी से पहुंचेगा। एमपी में अब मानसून 20 जून तक पहुंचेगा। जिले में यह 25 जून तक आएगा। इससे पहले प्री मानसून की एक्टिविटी रहेगी।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अभी साउथ-वेस्ट राजस्थान के हिस्से में चक्रवाती घेरा और उत्तर प्रदेश से मेघालय तक एक ट्रफ लाइन एक्टिव है। वहीं, दक्षिण-पश्चिम हवाओं का घेरा होने से नमी आ रही है। इस वजह से प्रदेश में आंधी-बारिश की एक्टिविटी है। वहीं, अभी मानसून की गति धीमी हो गई है। इस तरह यह कुछ दिन लेट हो सकता है।

# कलयुगी बेटे ने की लाचार मां की हत्या, शव को दफनाया!

## आरोपी पुलिस हिरासत में, आज पुलिस निकलवाएगी शव

**भानपुरा, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलयुगी बेटे ने लकवा से पीड़ित अपनी लाचार मां को ही मार डाला और घर में ही दफना दिया, आसपास के लोगों को जब घर से तेज बदबू आई तो पुलिस को इत्तला दी। जिसके बाद पुलिस ने बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपने साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना कबूल कर लिया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। आज मंगलवार को पुलिस फोरेंसिक एक्सपर्ट की मौजूदगी में शव को जमीन से वापस निकलवाएगी।



भानपुरा टीआई रोहित कछावा ने बताया कि सोमवार की शाम को मृतिका गंगाबाई पति कन्हैयालाल धोबी के मकान के आसपास के लोगों ने घर में से बदबू आने की बात मृतका के दामाद को बताई। जिसकेबाद दामाद भगवान धोबी ने पुलिस को शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने मृतका के बेटे कमलेश उम्र लगभग 30 वर्ष एवं उसके दोस्त संतोष पिता बसंती लाल धोबी को पूछताछ के लिए अपनी गिरफ्त में लिया है। पुलिस ने बताया कि घटना के अनुसार मृतक के पुत्र ने अपनी लकवा ग्रस्त माता को मार कर अपने ही घर में गाड़ दिया और अपने जीजा भगवान को गुमराह कर बताया कि मां मामा के यहां गई है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही कचहरी चौक स्थित घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोग जुटने लगे थे। रात होने के कारण पुलिस मंगलवार को मृतक महिला का शव जमीन से निकलवाकर पोस्टमार्टम करवाएगी। फिलहाल दोनों आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है।

# भारतीय महिलाए आय में पिछड़ रही मुस्लिम छात्र साक्षरता में..!

**उज्जैन/मंदसौर, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** भारत सरकार विश्व में भले ही अपनी आर्थिक राजनीतिक हैसियत बढ़ाने का दावा जताए, महिला सशक्तिकरण की डींगे हांके, किन्तु सतह पर स्थिति उलट नजर आ रही है। वह भी अपनी ही एजेंसियों के आंकडों के आधार पर। किसी भी देश की स्थाई प्रगति के आंकड़ों को मान्यता तभी मिल पाती है। जब उस देश की शिक्षा, महिलाओं की आय, युवाओं का स्वास्थ्य, रोजगार व सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े वैश्विक मापदंड पर सम्मानजनक हो। भारत की बढ़ती आबादी, घटते जीडीपी सूचकांक, घटते रोजगार के आंकड़े पहले से ही भारत की प्रतिष्ठा को प्रभावित कर रहे हैं।

करीब 140 करोड़ जनसंख्या वाले भारत में लगभग 20 करोड़ मुस्लिम आबादी है। जबकि, महिलाओं की संख्या 69.2 करोड़ है। जिसमें से 37 प्रतिशत महिलाएं रोजगार से जुड़ी हुई है। आजादी के बाद से भारत में लगातार शैक्षणिक स्तर के आंकड़ों में इजाफा होता जा रहा है। इसमें शासकीय और निजी शिक्षण संस्थानों के अलावा सुदूर इलाकों में एनजीओ की सहभागिता भी रही है। इसके उलट मुस्लिम आबादी में मदरसो के बावजूद निरक्षरता का बढ़ना चिंता का विषय है। जबकि, इस समाज में भी स्वायत्त संस्थाएं साक्षरता बढ़ाने का काम कर रही है। वर्ष 2023 की यूनिफॉर्म डिस्ट्रिक्ट इनफॉरमेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन की रिपोर्ट अनुसार 18 से 23 साल के मुस्लिम छात्रों के बीच उच्च शिक्षा में नामांकन 2020-21 में 8:50 प्रतिशत से अधिक घट गया है। जबकि, 2019-20 में 21 लाख छात्रों ने नामांकन कराया था। वही 2020-21 में घटकर संख्या 19 लाख 21 हजार रह गई थी। जाहिर है मुस्लिम युवाओं में शिक्षा के प्रति अरुचि बढ़ रही है।



चन्द्रमोहन भगत

यही हाल माध्यमिक स्कूलों में भी देखा जा रहा है। स्कूलों में प्रवेश लेने वाले छात्रों में से 18.6 प्रतिशत मुस्लिम छात्र स्कूली पढ़ाई छोड़ देते हैं। जबकि औसत 12.6 प्रतिशत है स्कूल छोड़ने वाले छात्रों का। सन 2011 की जनगणना के आंकड़े अनुसार मुस्लिम सबसे ज्यादा निरक्षर थे। हिंदू 36, सिख 32, बौद्ध 28, इसाई 25 तो मुसलमान 43 प्रतिशत निरक्षर थे। देश की प्रगति के साथ-साथ जब सभी पंथों में साक्षरता का आंकड़ा बढ़ रहा था, तब मुस्लिम छात्रों का स्कूली और उच्च शिक्षा में घटना आश्चर्य का विषय है। जबकि, देश में सभी वर्ग को शिक्षित होने के लिए एक सामान्य वातावरण है। इसके अलावा समाज के दानिशवरों को भी मुसलमानों में साक्षरता बढ़ाने के प्रयास करना होंगे।

दूसरा सामाजिक विषमता की चिंता बढ़ाने वाले आंकड़े भारतीय महिलाओं की आय को लेकर उजागर हुए हैं। वर्ष 2011 की जनगणना अनुसार 48 प्रतिशत महिला आबादी थी। जबकि, 2024 में 48.4 प्रतिशत अनुमानित है। याने कुल 69.02 करोड़ महिलाओं में से 37 प्रतिशत महिलाएं रोजगार से जुड़ी हुई है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के द्वारा 146 देश की महिला आय संबंध जारी आंकड़ों में भारत का स्थान 127 से खिसककर 129 वे नंबर पर आ गया है। चिंता का विषय इसलिए भी है कि जब हम भारत को दुनिया की चौथी पांचवी अर्थशक्ति और विश्व गुरु बनने का दावा कर रहे हैं। ऐसे दौर में भारतीय महिलाओं से बेहतर आय के मामले में बांग्लादेश 99 चीन 106 नेपाल 117 श्रीलंका 122 भूटान 124 वें स्थान पर है। पाकिस्तान जरूर हमसे नीचे 143 नंबर पर है। लेकिन, भारत से छोटे देश की महिलाओं की आय हमारे देश से बहुत बेहतर होना निश्चित ही चिंता का विषय तो है ही..!

सरकारी कर्मचारियों के लिए जरूरी सूचना...

# बॉयोमेट्रिक फेस अटेंडेंस सिस्टम सख्ती से होगा लागू

**भोपाल, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** सरकारी विभागों के कर्मचारियों की देर से कार्यालय आने और गायब हो जाने की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए प्रदेश सरकार बॉयोमेट्रिक फेस से उपस्थिति की व्यवस्था इस बार कड़ाई से लागू करने का मन बना रही है। यह व्यवस्था प्रदेश मुख्यालय से लेकर नीचे तक सभी विभागों के प्रत्येक कार्यालय में लागू करने की योजना है। केंद्र सरकार के कार्यालयों की तर्ज पर इसे लागू करने पर फिर से काम किया जा रहा है।

बता दें कि पहले भी शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल में बॉयोमेट्रिक फेस अटेंडेंस लागू करने की पहल की गई थी, लेकिन यह सफल नहीं हो सकी, लेकिन सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) हाल ही में इसको लागू करने के निर्देश दे चुका है। समस्त विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर कहा गया है कि उन्हें मंत्रालय से लेकर मुख्यालय और जिला से लेकर तहसील कार्यालय तक कर्मचारियों की उपस्थिति की व्यवस्था लागू करनी होगी। इसके लिए आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली (एईबीएएस) उपकरण क्रय किए जाएंगे। खास बात यह है कि कर्मचारियों की ईएल और सीएल भी इसी प्रणाली के साफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकृति या खारिज की जाएगी। दिव्यांग कर्मचारियों की सुविधा के लिए इसमें अलग व्यवस्था होगी। जीएडी के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी का कहना है कि सभी पहलुओं पर विचार कर रहे हैं।



मंत्रालय के कर्मचारियों के स्मार्ट आइडी कार्ड पर भी विचार कारपोरेट आफिस की तर्ज पर मंत्रालय के कर्मचारियों के स्मार्ट आइडी कार्ड बनाने पर भी विचार किया जा रहा है। कार्ड के स्केन करने पर गेट ओपन होने से लेकर अन्य कार्य कार्ड की मदद से संभव हो सकेंगे। हालांकि इस पर अभी सहमति नहीं बनी है।



## हर्षोल्लास से मनाया ईद उल अजहा का पर्व

**सेमलियाकाजी, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** मन्दसौर जिले के गांव सेमलिया काजी में ईद उल अजहा का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद की नमाज ईदगाह पर अदा की गई नमाज सुबह 9 बजे शुरू जिसका साढे नो बजे समापन हुआ ईद की नमाज मौलाना शब्बीर शाह ने अदा करवाई। अल्लाह की राह में कुर्बानी देने का त्योहार ईद-उल-अज़हा आज रवायत व परंपरा के अनुसार मनाया गया। कुर्बानी का सिलसिला 19 जून तक चलेगा। कुर्बानी को लेकर मुसलमानों में खूब उत्साह है। बकरीद इस्लाम के सबसे पवित्र त्योहारों में एक है। इस्लाम में साल भर में दो ईद मनाई जाती हैं।

## दलौदा में सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर सम्पन्न

**दलौदा, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** श्री दलोदा पब्लिक स्कूल सीबीएसई में सात दिवसीय आवासीय ग्रीष्म शिविर का आज दिनांक 17 जून को समापन समारोह हुआ उक्त शिविर की पूर्व संध्या पर कैंप फायर में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अतिरिक्त ग्रुप एक्टिविटी गायन एवं नृत्य की मनोरम प्रस्तुति विद्यार्थियों द्वारा, उपस्थित शिक्षिकाओं द्वारा दी गई। समापन समारोह पर विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिए गए। शिविर के समापन समारोह में आमंत्रित संस्था संचालक महोदय श्रीमती सोनाली जैन ने शिविर की प्रशंसा करते हुए प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को धन्यवाद प्रेषित करते हुए सराहना की। प्राचार्य श्रीमती रत्न प्रभा राणावत द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिविर का उद्देश्य, महत्व एवं भविष्य में सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी गई, साथ ही प्राचार्य द्वारा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से कैंप में योगदान देने वाले समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ-साथ समस्त अभिभावकों को भी धन्यवाद प्रेषित किया गया तथा भविष्य में इस प्रकार के आयोजन पर अपनी सहमती के साथ सहयोग की अपेक्षा भी की गई। उक्त आवासीय शिविर में शिक्षिका श्रीमती आराधना उपाध्याय, सरोज नीमा ,शर्मिष्ठा शर्मा प्रियंका त्रिवेदी, कल्पना धाकड़, रश्मि सागर, दुर्गा सोनी प्रीति देवड़ा, एवं नसीब बानो शिक्षक श्री एमरोज वाल्टर एवं धीरज शुक्ला ने छात्र-छात्राओं का पूर्ण ध्यान रखते हुए रात्रि विश्राम की जिम्मेदारी को सहज भाव से निभाया। शिविर में संगीत गतिविधि को शिक्षक श्री भीमसेन गंधर्व एवं यशवंत भावसार, रश्मि सागर ने निभाया। उक्त समस्त कार्यक्रम का संचालन सरोज नीमा एवं शर्मिष्ठा शर्मा के द्वारा किया गया तथा विद्यार्थियों के लिए भोजन एवं आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता तथा तकनीकी विशेषज्ञ कार्य की उपलब्धता श्रीमती दीपा दादवानी एवं श्री अमृत सोलंकी द्वारा की गई। श्री दलोदा पब्लिक स्कूल सीबीएसई दलोदा अध्यनरत समस्त विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है एवं अभिभावकों से संपूर्ण सहयोग की अपेक्षा करता है।

## यथार्थ परिहार का निधन, अंगदान किए

**मंदसौर, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** बोराना परिवार पिपलिया मंडी के भांजे रतलाम निवासी यथार्थ परिहार (दाऊ) का निधन हो गया। दाऊकी शादी को अभी 14 जून को मात्र 2 महीने ही हुए थे और उसके हाथों की मेहंदी भी नहीं निकली थी। दाऊ रतलाम जिले का जाना माना डायलिसिस टेक्नीशियन था व डायलिसिस के माध्यम से मानव सेवा के पथ पर अग्रसर था। एक रात को अचानक छत पर टहलते हुए पैर फिसलने से छत से गिर पड़ा, और सिर में गम्भीर चोट लगने की वजह से बड़ौदा रेफर किया गया। बड़ोदा के पारुल सेवा आश्रम मेडिकल महाविद्यालय के अस्पताल में ICU में वेंटिलेटर पर जीवन और मृत्यु के बीच करीब 15 दिनों तक संघर्ष करते हुए कल दिनांक 16/06/2024 को हमेशा के लिए हमें छोड़कर चला गया।दु:खद निधन के पश्चात दाऊ के पिताजी श्री प्रकाश जी परिहार ने अपने जवान पुत्र की मौत जैसा वज्रपात होने के बाद अंगदान करने का साहसिक एवं ऐतिहासिक निर्णय लिया व डॉक्टरों की टीम ने हृदय व नेत्र उत्सारित किये, चूंकि आईसीयू में 15 दिन तक वेंटिलेटर पर रहने के कारण दोनों किडनियां प्रत्यारोपण के योग्य नहीं होने के कारण वह नहीं ली जा सकी। पारुल अस्पताल प्रशासन ने पुलिस प्रशासन के माध्यम से ग्रीन कॉरिडोर बनाकर हार्ट को प्रत्यारोपण हेतु तुरंत अहमदाबाद भेजा गया।

परिहार परिवार के घर का चिराग जीते जी डायलिसिस के माध्यम से कई जाने बचाता रहा और मरने के बाद भी तीन घरों के चिराग रोशन अंगदान के माध्यम से कर गया। भगवान यथार्थ (दाऊ) को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करे और दु:ख की इस घड़ी में परिहार परिवार ,बोराना परिवार ,बहन अनिता,कँवर साहब प्रकाश जी व दाऊके छोटे भाई राज को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति प्रदान करे।



## पशुपतिनाथ घाट पर नपाध्यक्ष ने दीप प्रज्वलित किए

**मंदसौर, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** गंगा दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में कल नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर के द्वारा भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर के समीप शिवना नदी के पशुपतिनाथ घाट पर दीप प्रज्वलित किये गये। पशुपतिनाथ प्रबंध समिति के आमंत्रण पर नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने यहां पहुंचकर दीप प्रज्वलित किये और सभी को गंगा दशमी पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर नपा पार्षदगण निर्मला चंदवानी, गरिमा भाटी, पूर्व पार्षद पं. अरूण शर्मा, डॉ. रविन्द्र पाण्डेय सहित कई गणमान्य नागरिकगण भी उपस्थित थे।

## नागदा मेनारिया समाज की बैठक संपन्न सामाजिक कुरीतियों में सुधार का लिया संकल्प

**नीमच, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** नागदा मेनारिया समाज की बैठक बोरखेड़ी स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर के प्रांगण में समाज के वरिष्ठ डम्बर लाल नागदा, मोहनलाल नागदा, लक्ष्मी नारायण नागदा ,अंबालाल नागदा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र पर दीपक प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक 4घंटे तक मैराथन बैठक चली जिसमें उपस्थित प्रत्येक समाज जन ने समाज विकास के लिए अपने विचार सुझाव के रूप में प्रस्तुत किये। मांगीलाल नागदा, राधेश्याम नागदा बोरखेडी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि महेश नागदा ,सरपंच देवकिशन नागदा बोरखेडी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। में बैठक में उपस्थित समाज जनों ने समाज विकास से संबंधित सामाजिक कुरितियों में आवश्यक सुधार के लिए संकल्प भी लिया। बैठक में समाज के 10 युवक - युवतियों को उद्योगों में रोजगार देने वाले समाज जन का विशेष रूप से सम्मान करने, पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले समाज जन को सम्मान करने, सामाजिक एकता के लिए कार्य करने वाले का सम्मान करने का प्रस्ताव पारीत किया गया। प्रत्येक ग्राम स्तर तक सामाजिक इकाई का गठन करने का निर्णय भी लिया गया। समाज विकास के लिए रक्तदान शिविर आयोजन पर भी विचार विमर्श किया गया। श्रम एवं धन की बचत के उद्देश्य से समाज में विवाह योग्य युवक -युवती परिचय सम्मेलन व सामुहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन करने , मृत्यु भोज सीमित करने, मौसारा भांत बहन बेटी की विदाई बधाई उपहार सामग्री वितरण पर प्रतिबंध लगाने, विवाह आदि में बर्तन उपहार के स्थान पर नगद राशि प्रदान करने, विभिन्न विषयों को लागू करने के विचार विमर्श कर संकल्प का निर्णय लिया गया।समाज विकास के लिए पति-पत्नी एवं पारिवारिक विवादों की समस्या के समाधान के लिए सामाजिक स्तर पर परिवार परामर्श केंद्र की इकाई संचालित करने का निर्णय लिया गया। समाज स्तर पर समाज के 1000 युवाओं युवक-युवतियों को समाज संगठन द्वारा रोजगार प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य भी तय किया गया। बैठक में युवाओं को स्क्रीन डेवलपमेंट रोजगार के विषय में विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान करने के निर्णय भी पारित किया गया। विवाह पूर्व वीडियो प्री वेडिंग पर प्रतिबंध लगाने पर भी विचार विमर्श किया गया। सामाजिक और शैक्षणिक प्रतिभाओं के सम्मान का निर्णय भी लिया गया। बैठक का संचालन नागेश जोशी ने किया तथा आभार राजवीर नागदा ने व्यक्त किया।



**समिति की नवीन कार्यकारिणी का गठन**–वरिष्ठ समाज जनों की सहमति से नागदा मेनारिया ब्राह्मण समाज विकास समिति पंजीकृत नीमच की नवीन कार्यकारिणी का निर्विरोध गठन किया गया। जिसमें संरक्षक मोहनलाल नागदा, जगदीश नागदा, लक्ष्मी नारायण नागदा, डम्बर लाल नागदा, प्रभु लाल नागदा, राम प्रसाद नागदा,अध्यक्ष बाबु लाल नागदा , उपाध्यक्ष शक्ति सिंह भारद्वाज, मोहनलाल नागदा आंत्री माता, दयाशंकर मोरका जावद, सचिव प्रमोद पुरोहित,सह सचिव जगदीश नागदा, अशोक नागदा काना खेड़ा, राहुल नागदा मनासा,कोषाध्यक्ष नागेश जोशी मनासा, को निर्वाचित किया गया।

## क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया

**मंदसौर, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** नपा परिषद मंदसौर के द्वारा कल नपा सभागृह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में उज्जैन में आयोजित क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा, चुनरी अर्पण एवं पंचामृत अभिषेक कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, सीएमओ श्री सुधीर कुमारसिंह, नपा सभापति श्रीमती निर्मला चंदवानी, निलेश जैन, पार्षद गरिमा भाटी, अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ कुमार सत्यम, एसडीएम शिवलाल शाक्य, सीएमओ सुधीर कुमार सिंह, सिटी मिशन के अजय शर्मा एवं मंदसौर नगर की आंगनवाडी सुपरवाईजर एवं आंगनवाडी कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नगरीय प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय के संबोधन को देखा तथा उसे श्रवण किया। इस कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूरे प्रदेशवासियों को नदियों तालाबों एवं जल स्रोतों का संरक्षण करने का संकल्प भी दिलाया।

मारवाड़ी युवा मंच एवं लता मंगेशकर संगीत महाविद्यालय द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर...

## पोस्टर, कविता, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता सम्पन्न

**मंदसौर, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय मारवाडी युवा मंच शाखा मंदसौर एवं जनभागीदारी समिति लता मंगेशकर शासकीय महाविद्यालय मंदसौर द्वारा मतदान जागरुकता अभियान को लेकर पोस्टर, कविता, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था । पोस्टर प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई थी। 0 से 15 वर्ष ओर 15 वर्ष से अधिक उम्र हेतु । दोनों वर्गों में 20 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया ओर एक से बढ़कर एक पेंसिल स्केच से कार्ड सीट पर मतदान जागरूकता को लेकर आकृति उकेरी। जिसमें 0 से 15 वर्ष उम्र में प्रथम क्रिशा अग्रवाल, द्वितीय चार्मी पोरवाल, तृतीय स्थान दिव्या हंसवाल ने प्राप्त किया। 15 वर्ष से अधिक उम्र में प्रथम डा लाल बहादुर गुप्ता, द्वितीय त्रिशा गंगवाल, और तृतीय अक्षिता बाफना रही।



कविता लेखन में 25 प्रतियोगियो ने भाग लिया जिसमे प्रथम अनुष्का मांदलिया , द्वितीय डॉ. चंदा भरत कोठारी एवं तृतीय नंदकिशोर राठौर रहे। स्लोगन लेखन में 32 प्रतियोगियों ने भाग लिया जिसमें प्रथम राजेंद्र श्रीवास्तव , द्वितीय अनुष्का वंदना मांदलिया, तृतीय भास्कर व्यास एवं मनोज मांदलिया रहे। इस आशय की जानकारी देते हुए मारवाडी युवा मंच के अध्यक्ष दिलीप सेठिया, सचिव ऋषभ पोरवाल, महिला शाखा अध्यक्ष रानी अनील अग्रवाल, सचिव किरण गणेश सोनगरा, प्रोजेक्ट चेयरमैन रीना डा आशीष अग्रवाल, उमा दिलीप रांका तथा संगीत महाविद्यालय जन भागीदारी समिती अध्यक्ष नरेंद्र त्रिवेदी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को राष्ट्रहित में अधिक से अधिक मतदान करने हेतु जागरूकता को लेकर प्रतियोगियां आयोजित की गई थी। सभी प्रतियोगिताओं के परिणाम निर्णायक मंडल ने निकाले थे। पोस्टर प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में सुश्री भावना लोहार , कविता लेखन एवं स्लोगन लेखन में निर्णायक मंडल में श्री नरेंद्र भावसार एवं श्री मनी चौहान शामगढ़ वाला थे।

## श्री कांकरवा बालाजी में राम मारुति महायज्ञ सम्पन्न





**मंदसौर, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर से 35 कि.मी. दूर चमत्कारिक एवं मनमोहक स्थल जहां गौशाला एवं डेम स्थित है। कांकरवा बालाजी में 26वां श्री राम मारूति महायज्ञ एवं भागवत कथा ज्ञान गंगा का प्रतिवर्ष गंगा दशमी पर्व पर भागवत कथा का आयोजन होता है। जिसमें मेले का भी कार्यक्रम होता है। इस वर्ष 7 दिवसीय भागवत कथा का वाचन श्री महेश शर्मा (पलथान राजस्थान) द्वारा वाचन किया गया तथा पंचकुंडीय महायज्ञ दिनांक 12 जून से 16 जून 2024 तक यज्ञाचार्य श्री दीपक शर्मा (अमलावदवाले) द्वारा सम्पन्न कराया गया। गंगादशमी के पावन पर्व पर महाआरती एवं 8 क्विंटल शक्कर की प्रसादी का वितरण किया गया।

कांकरवा बालाजी मंदिर प्राचीन होकर क्षेत्र के 10 हजार श्रद्धालुओं द्वारा धर्मलाभ लिया गया। मंदिर का भव्य निर्माण होकर यात्रियों की सुविधा हेतु मल्हारगढ विधायक व म.प्र. शासन के उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा द्वारा 8.5 करोड़ की लागत से 6 कि.मी. रोड, सांसद श्री सुधीर गुप्ता द्वारा 2 लाख रू. का शौचालय तथा इस साल जावरा विधायक श्री राजेन्द्र पाण्डे द्वारा विधायक निधि से 7 लाख रू. की लागत का शेड तथा अभी-अभी 35 लाख के डोम केन्द्र शासन द्वारा स्वीकृत किया गया। इस वर्ष नवीन पांडाल में भागवत कथा का आयोजन किया गया। यहां बहुत विकास कार्य जारी है। कांकरवा बालाजी समिति के अध्यक्ष श्री ब्रह्मानंद पाटीदार, सचिव विनयसिंह श्रीमाल एडवोकेट, संरक्षक श्री बी.एस. सिसोदिया इंजीनियर, कालूसिंह पटेल, श्यामसिंह गुजर कांकरवा, मनोहरलाल डाबी, रिंगनोद पंचायत सचिव मानसिंह गुर्जर, दशरथ गुर्जर, अमरसिह गुर्जर, रतनसिंह, दलपतसिंह, मनोहरसिंह गुजर रणायरा, बहादुर सिंह पंचायत सचिव, रघुवीर सिंह, नाहरसिंह भोलिया एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## दशपुर अकाउंटेंट एसो. की मीटिंग सम्पन्न

**मंदसौर, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर अकाउंटेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश सोनी व सचिव ललित काबरा ने बताया कि एसोसिएशन की एक आवश्यक मीटिंग दशपुर कुंज पर आयोजित की गई। मीटिंग में बडी संख्या में सदस्यों ने उपस्थित रहकर अपने विचार व्यक्त किये। मीटिंग में विभिन्न आवश्यक विषयों पर चर्चा हुई तथा सर्वानुमति से निर्णय लिये गये। मीटिंग में यशवंत पोखरना, चन्द्रेश बाफना, अभय नाहर, हेमंत जैन, ललित काबरा, कैलाश सोनी, प्रभुलाल छाजेड, अजय फांफरिया, संदीप डांगी, महेश सौलंकी, लक्ष्मीनारायण गोयल, नितिन गर्ग, अनिल जैन आदि उपस्थित हुए। उक्त जानकारी एसोसिएशन के सचिव ललित काबरा ने दी।

## करियर काउंसलिंग सेमिनार के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया

**मंदसौर, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** श्री साई पब्लिक स्कूल दलौदा में करियर मार्गदर्शन सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें अनुभवी करियर विशेषज्ञ श्री सचिन भटनागर ने बच्चों को करियर संबंधी जानकारी दी। उनके द्वारा बताया गया कि कक्षा दसवीं के पश्चात कौन सा विषय का चुनाव करना एवं अपनी मनपसंद क्षेत्र अनुसार अपना करियर बना सकते हैं। उनके द्वारा उपस्थित पालकगण एवं विद्यार्थियों के लिए करियर संबंधी एक्टिविटी भी प्रस्तुत की गई।

करियर विशेषज्ञ श्री संतोष राव ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी रुचि लेनी चाहिए, खेल से मानसिक विकास एवं शारीरिक विकास भी होता है। कैरियर विशेषज्ञ श्री गजेंद्र चुंडावत ने कृषि विज्ञान के बारे में बताया। करियर विशेषज्ञ श्री कमलेश पाठक ने पीएनएसटी एवं नीट आदि प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में जानकारी देते हुए बच्चों को निरंतर आगे बढाने की समझाईश दी एवं विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा बच्चों को अपने-अपने विषय अनुसार करियर अवसरों संबंधी जिज्ञासाओं का ससंवाद निवारण किया गया। इस अवसर पर संस्था संचालक श्री मोहसिन अख्तर एवं प्राचार्य श्री अतुल कुमार श्रीवास्तव ने सभी विद्यार्थियों को सन्मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी एवं पालकगण उपस्थित रहे। संचालन शिक्षक श्री मनोज कुमार शर्मा एवं शिक्षिका पूजा चौहान ने किया एवं आभार शिक्षक हितेश शर्मा ने माना।

## नि:शुल्क सर्व रोग निदान चिकित्सा एवं परामर्श शिविर संपन्न

**मंदसौर, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** अग्रवाल हेल्प फेडरेशन कोबरा ग्रुप द्वारा स्वर्गीय श्रीमती सीता देवी राजमल जी गर्ग की स्मृति में आर के परिवार द्वारा अग्रवाल समाज के लिए आयोजित निशुल्क चिकित्सा एवं निदान शिविर में 300 से अधिक महिला, पुरुष और बच्चों ने विभिन्न चिकित्सको को दिखाया और परामर्श लिया। शिविर में5000 तक की लीवर की जांच एवं सभी प्रकार की पैथोलॉजी जांच शुगर बीपी सहित निशुल्क रूप से की गई। इस अवसर पर अग्र बंधुओ ने 12 यूनिट रक्तदान भी दिया।

शिविर का शुभारंभ आर के अग्रवाल परिवार के सर्व श्री किरण मल गर्ग, सनत गर्ग, दिनेश गर्ग, दिलिप गर्ग, संजय गर्ग,सुनील गर्ग, विपीन गर्ग, समाज के वरिष्ठनंदकिशोर अग्रवाल, राजमल गर्ग, नरेंद्र अग्रवाल, कोबरा ग्रुप के संरक्षक सुरेश गर्ग, श्रवण गर्ग ने महाराजा अग्रसेन जी तथा स्व. श्रीमति सीता देवी राजमल जी गर्ग के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डॉ. मुकेश बागडी ने कहा कि आप सब लोगों को हमेशा चिकित्सको से दूरी बनाकर रखना चाहिए। आप स्वस्थ रहो, प्रसन्न रहो और निरोगी रहो लेकीन आजकल जमाना परिवर्तित हो गया है हर चीज ऑनलाइन हो गई है इस वजह से बीमारियां बढ़ रही है पहले हम भगवान के दर्शन करने मंदिर जाते थे तो सुबह जल्दी उठते थे और नित्य क्रिया के बाद भगवान के दरबार में जाते थे लेकिन आजकल भगवान के दर्शन भी ऑनलाइन होने लगे हैं हम स्वयं बीमारियों को आमंत्रण दे रहे हैं। डा बागडी ने कहा कि यह जो मोबाइल फोन आपके हाथ में है यह बीमारियों की सबसे बडी जड़ है। आप जिस प्रकार से उपवास और व्रत करते हैं मैं कहूंगा कि उपवास और व्रत की बजाय सप्ताह में एक दिन मोबाइल से दूरी बनाकर रखें यही आपके स्वास्थ्य के लिए उचित रहेगा।



## राज्यसभा सांसद गुर्जर, विधायक जैन, नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने शिवना लोक जागरण यात्रा को रवाना किया

**मंदसौर, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** जल गंगा संवर्धन अभियान को ओर गति देने हेतु सामाजिक संस्था सार्थक वेलफेयर सोसायटी के द्वारा शिवना लोक जागरण यात्रा का आयोजन दिनांक 16 जून से 21 जून तक होने जा रहा है। इस यात्रा को कल राज्यसभा सांसद व भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री बंशीलाल गुर्जर, मंदसौर विधायक विपिन जैन, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सार्थक संस्था की प्रमुख डॉ. उर्मिलासिंह तोमर, सौरभ तोमर, नपा जलकर सभापति निलेश जैन, पार्षद रफत पयामी, विधायक प्रतिनिधि राजेश फरक्या, संजय नाहर, अमित छाबडा, सीमा चौरड़िया सहित कई गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

## अभा तेली महासभा की प्रदेश स्तरीय बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय तेली महासभा की प्रदेश स्तरीय बैठक ABTM की प्रदेश अध्यक्षा आरती साहू पति दिनेश(सिल्लन)साहू के निवास स्थान दतिया में सम्पन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि श्री रविकरण साहू तेल घाणी बोर्ड के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त म.प्र. भोपाल, म.प्र. प्रभारीश्री अशोक राठोड (गुना)थे। बैठक अखिल भारतीय तेली महासभा प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम अस्तोलिया,महिला प्रदेश अध्यक्षा श्रीमति आरती दिनेश सिल्लन साहू, की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।



बैठक में 12 प्रस्तावों पर समाज हित में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। जिसमें म.प्र. के सभी जिलों में दो-दो बीघा जमीन म.प्र. शासन से दिलाई जाए। समाज के छोटे वर्ग के छात्र-छात्राओं की छात्रावास के लिए हर जिलों में मांग की गई। तेली घाणी बोर्ड के माध्यम से बेरोजगार युवक एवं युवतियों को सब्सिडी द्वारा लोन म.प्र. शासन से दिलाई जाए। समाज के हर परिवार के सदस्य संख्यानुसार हर व्यक्ति को दो-दो पेड लगावें जाए। म.प्र. में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का हर जिले में सम्मान एवं प्रोत्साहित किया जाए। हर जिला स्तर पर समाज के वयस्क युवक एवं युवतियों के परिचय सम्मेलन कराया जावे। विवाह-शादी समारोह के आयोजनों में सोशल मीडिया के माध्यम से निमंत्रण स्वीकार किया जावे। मृत्यु भोज में कन्या भोजन रिश्तेदार और परिवार के मेहमान को ही बुलाया जावे। अखिल भारतीय तेली महासभा का बैंक खाता खोला जावे (अध्यक्ष एवं सचिव का खाता)। अखिल भारतीय तेली महासभा के सदस्य शुल्क प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियो के 1100 रू. तहसील पदाधिकारियों के 500 रू. एवं समाज के सदस्यों के 100 रखे जाये। म.प्र. के शासकीय कर्मचारी व अधिकारियों के रिटायर्ड होने पर सूची बनाकर एवं जिले में सभी रिटायर्ड कर्मचारियों का सम्मान किया जावें। समाज की कुरूतियों में सुधार करने के लिए मृत्यु होने पर,कफन पर बदलाव किया जावे और कपडा प्रथा बन्द की जावे। उक्त सभी प्रस्ताव पर चर्चा होकर मंजूरी मिलने पर सर्व सहमति से पारित किये गये।

बैठक में राधेश्याम अस्तोलिया प्रदेशाध्यक्ष, श्रीमती आरती दिनेश सिल्लन साहू, श्री रविकरण साहू म. प्र. तेल घाणी बोर्ड कैबिनेट मंत्री भोपाल, श्री रामबाबू साहू प्रदेश महासचिव एवं ग्वालियर संभाग प्रभारी, श्री रामेश्वर साहू युवाप्रदेश उपाध्यक्ष, श्री बद्रीप्रसाद साहू मार्गदर्शक मंडल प्रदेशाध्यक्ष, श्री शिवराज सिंह साहू जिलाध्यक्ष शिवपुरी, श्री गुलाब सिंह गोल्हानी कर्मादेवी यात्रा प्रभारी, श्री पातीराम साहू जिला उपाध्यक्ष शिवपूरी, श्री मुन्नालाल साहू समाजसेवी, श्री रमेश साहू जिला उपाध्यक्ष दतिया, श्री रामबाबू साहू जिला उपाध्यक्ष दतिया, श्री नरेन्द्र मोदी जिलाध्यक्ष ग्वालियर (डबरा), श्री आशाराम साहू (डबरा) प्रदेशमहासचिव युवा प्रकोष्ठ, श्री अनिल कुमार साहू (डबरा) समाजसेवी, मनोज कुमार साहू (डबरा) समाज सेवी, श्री राहूल साहू समाज सेवी खनियादाना, श्री अरन्विद साहू समाज सेवी दिनारा, गोविन्द साहू समाज सेवी डबरा, विजय साहू करेरा, सुनील कुमार आहू खनियादाना, रामबाबू साहू समाज सेवी करेरा आदि उपस्थित रहे।

## तैराकी टीम ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 85 मेडल जीते, कलेक्टर ने किया सम्मानीत

**नीमच, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र तैराकी संघ द्वारा 9 से 12 जून तक ग्वाीलियर में म.प्र राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में नीमच जिले के 29 खिलाड़िय़ों एवं दो कोच ने भाग लिया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में नीमच जिले की टीम ने 85 मेडल, चार नये स्टेट रिकार्ड के साथ हांसिल किए। नीमच स्वींमिंग फ्लाई स्पोर्ट क्लब नीमच की इस टीम के सभी तैराकों और कोच ने टीम मार्गदर्शक डॉ.मनीष चमिडिया, मेंटर कोच प्रभुभाई मूलचंदानी, टीम मोटीवेटर श्री राकेश कोठारी के साथ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी 29 खिलाडियों के साथ कलेक्टर श्री दिनेश जैन से भेंट की।



सोमवार को कलेक्टोरेट नीमच में आयोजित सादे समारोह में कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर मेडल हांसिल करने वाले सभी खिलाडियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर एवं मेडल पहना कर, स्वागत किया और तैराकी में नीमच जिले के साथ ही प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करने के लिए अग्रिम शुभकामनांए दी। कलेक्टर श्री जैन ने कोच श्री नीलेश घावरी, श्री आयुष गौड, श्री अभिषेक अहीर,श्री रोहित अहीर एवं सुश्री सुधा सोलंकी से परिचय प्राप्तद कर उन्हें भी शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने अपने उदबोधन में कहा कि नीमच के तैराकों ने स्वींमिंग में नीमच जिले का नाम रोशन किया है, वे अपनी स्वीनमिंग प्रतिभा को निरंतर बनाए रखे। तैराकी खिलाडियों की सफलता में अभिभावकों और कोच का भी बहुत योगदान है। कलेक्टीर ने कहा कि नीमच में स्वी मिंग का अच्छाम अवसर है, स्वीहमिंग पुल है। मनासा में भी जल्दी ही स्वीामिंग पुल प्रारंभ हो रहा है। उन्होने कहा कि स्वीमिंग से फिजिकली फिट रहते है। कलेक्टर ने सभी खिलाडियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी म.प्र. व देश का नाम रोशन करने की अपेक्षा की है।





# 44 क्विंटल 15 किलो अवैध डोडा चूरा जप्त, दो आरोपी गिरफ्तार

## जावद में हुई लूट की घटना का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार, 3 लाख जप्त

**नीमच, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले के नया गांव पुलिस चौकी पर 44 क्विंटल 15 किलोग्राम डोडाचूरा जप्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वही नीमच जिले के जावद में 10 जून को हुई लूट की घटना का भी खुलासा जावद पुलिस द्वारा किया गया जिसमें दो आरोपियों को गिरफ्तार कर ?300000 की नगद राशि जप्त की गई उक्त जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम पर आयोजित पत्रकार वार्ता में जिला पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने दी। में

पत्रकार वार्ता में एडिशनल एसपी नवल सिंह सिसोदिया, जावद अनु विभागीय अधिकारी सुश्री वैशाली सिंह , थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा, नयागांव चौकी प्रभारी रामपाल सिंह उपस्थित थे।

**ट्रक में भरकर ले जा रहे थे डोडा चूरा**–एसपी अंकित जायसवाल ने बताया कि आरोपी सिमरन जीत सिंह उर्फ हर्षदीप सिंह पिता बलजिंदर सिंह उम्र 23 वर्ष जाति जाट सिख निवासी ग्राम 30 ठठीखारा तहसील जिला तरण तारणपंजाब वगुरु सेवक सिंह पिता प्रताप सिंह उम्र 29 वर्ष जाति जाट सिख निवासी ग्राम तहसील जिला तरणतारण पंजाब ट्रक क्रमांक पीबी 10 डीजेड 48 60 में 211 कट्टो में भरकर ले जा रहे थे जिसमें से 39 कटे सीपीएस पद्धति वाला डोडा चुरा भी शामिल है उक्त आरोपी पहले भी क्षेत्र से मादक पदार्थों की तस्करी कर चुके हैं। ट्रक को नीमच निंबाड़ा हाईवे फोरलेन सीसीआई चौराहा नयागांव पर नाकाबंदी कर रोका गया ?।

**मंदसौर ,प्रतापगढ़ से भरा गया माल** –एसपी जायसवाल ने बताया कि उक्त मालनीमच , प्रतापगढ़, मंदसौर से भरा गया ऐसी जानकारी है पूरे मामले की जांच की जा रही है।

**पंजाब का सुनील है मुख्य सरगना**–एसपी अंकित जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपियों द्वारा बताया गया कि मंदसौर के एक ढाबे पर पंजाब का रहने वाला सुनील मोटरसाइकिल लेकर आया था और वह हमें ढाबे पर छोड़कर ही माल भरवाने के लिए ट्रक ले गया और उसने ट्रक में माल भरवाया पुलिस सुनील की खोजबीनकरने में लगी है ?। सुनील जी वह कड़ी है जो अगर पकड़ा जाता है तो माल बेचने वाले भी पकड में आ सकते हैं।

**3हजार प्रति कट्टा में किया था सौदा**–एसपी अंकित जायसवाल ने बताया कि आरोपियों ने उक्त माल यहां से भरकर पंजाब ले जाने के लिए?3000 प्रति कटेके मान से भाड़े की बात की थी और उन्हें एडवांस के बतोर40000 भी दिए गए थे।

**टीम को मिलेगा इनाम**–एसपी अंकित जायसवाल ने बताया की नयागांव पुलिस चौकी के प्रभारी रामपाल के साथ टीम में शामिल सभी पुलिस कर्मियों को इनाम प्रदान किया जाएगा।

**लूट की घटना का किया खुलासा**–पत्रकार वार्ता में एसपी अंकित जायसवाल में बताया कि 10 जून को हुई लूट की घटना का जावद पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे ?300000 की नगद राशि बरामद करने में सफलता प्राप्त की है एसपी ने बताया कि 10 जून को फरियादी नाथू लाल पिता नंदाजी धनगर उम्र 51 साल निवासी ग्राम मोडी जो बैंक से 350000 रुपए लेकर जा रहे थे उनसे रामपुरादरवाजा जावद पर आरोपी सद्दाम हुसैन पिता स्माइल खान निवासी थाना छोटी सादड़ी जिला प्रतापगढ़ राजस्थान व सोनू उर्फ इश्तियाक पिता रफीक मोहम्मद शेख निवासी थाना छोटी सादड़ी जिला प्रतापगढ़ राजस्थान में थेली छिन ली थी आरोपियों से उपयोग में लाई गई, मोटरसाइकिल, मोबाइल भी बरामद किए गए।

**आदतन अपराधी है** –एसपी जायसवाल ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी आदतन अपराधी है और उनके उपर अनेक प्रकरण पूर्व से दर्ज है एसपी ने बताया कि आरोपी सद्दाम पर 18 व आरोपी सोनूपर आठ प्रकरण विभिन्न स्थानों में दर्ज है और यह एक माह पूर्व ही जमानत पर रिहा हुए और पुन लूट की घटना को अंजाम दिया।

**इनका रहा सराहनीय योगदान**–लूट की घटना का खुलासा करने में जावद थाना निरीक्षक जितेंद्र कुमार वर्मा, व टीम के सदस्य राघवेंद्र सिंह, गिरिराज प्रसाद, रवि पांडे, रघुनाथ सिंह, रामधनी यादव ,सुरेश पाटीदार, वीरेंद्र सिंह, मनीष पूनिया, दिलीप चंद्रवंशी, अरुण राठौर ,कमल धनगर ,रविंद्र पाटीदार, सुनील ,धीरज नरवाल, कपिल शर्मा, मोनिका, अंतिम कुंवर ,तेज सिंह, छत्तर सिंह, धर्मेंद्र तथा साइबर सेल नीमच के प्रदीप शिंदे, कुलदीप, आर लखन प्रताप सिंह की भूमिका सराहनी रही।

### पिछले वर्ष की तुलना में तीन गुना मादक पदार्थ जप्त करने में पाई सफलता

पत्रकारों से चर्चा करते हुए नीमच पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने बताया कि नीमच पुलिस ने इस वर्ष बेहतर कार्य कर पिछले वर्ष की तुलना में लगभग तीन गुना मादक पदार्थ जप्त करने में सफलता प्राप्त की है श्री जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2023 में 3800 क्विंटल डोडाचुरा व9 किलो अफीम जप्त कर 60 आरोपियों को गिरफ्तार किया था जबकि वर्ष 2024 में आज तक 12171 किलो डोडा चुरा व 39.46 किलो अफीम बरामद कर 92 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

# कैसे मनाएंगे प्रवेशोत्सव, कौन खोलेगा स्कूलों के ताले?

## चौंतिस स्कूल शिक्षकविहीन, 168 में सिर्फ एक शिक्षक

**उज्जैन/मंदसौर, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिले के 34 सरकारी स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनाए जाने पर ही संकट है। क्योंकि यहां एक भी शिक्षक पदस्थ नहीं है। वहीं 168 स्कूल सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे चलाए जा रहे हैं। यह स्थिति तब है जबकि जिले के सरकारी स्कूलों में हजारों छात्र-छात्राएं पढाई कर रहे हैं। सरकार भले ही शिक्षा में सुधार के दावे कर रही हो। लेकिन, स्थिति इसके विपरीत है। 1 जून से शिक्षकों के लिए स्कूल खुल गए हैं, वहीं आज 18 जून से बच्चों के लिए खुल जाएंगे। स्कूल शिक्षा विभाग ने 18 से 20 जून तक प्रवेशोत्सव मनाने के आदेश दिए हैं।

### पूरे संभाग में यही स्थिति...

उज्जैन संभाग के 7 जिले उज्जैन, रतलाम, मंदसौर, नीमच, देवास, आगर-मालवा, शाजापुर के 336 स्कूल शिक्षक विहीन हैं। इनमें सर्वाधिक 104 स्कूल देवास जिले के हैं। इसी प्रकार से उज्जैन के 68, शाजापुर के 46, रतलाम के 36, मंदसौर के 34, आगर-मालवा के 27 और नीमच जिले के 21 स्कूलों में एक भी शिक्षक नहीं हैं। 1091 स्कूल ऐसे हैं जहां पर सिर्फ एक शिक्षक पदस्थ है। इसमें 259 स्कूल देवास जिले के हैं। उज्जैन के 246, मंदसौर के 168, रतलाम के 110, आगर-मालवा के 106, नीमच के 102 और शाजापुर के 100 स्कूल शामिल हैं। प्रदेश की बात करें तो प्रदेश में 94 हजार 39 स्कूल संचालित हैं। इनमें से 2621 में शिक्षक ही नहीं और 8340 स्कूल सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे चलाए जा रहे हैं।

### अभी भी लटक रहे ताले...

खास बात ये है कि जिन स्कूलों में शिक्षक नहीं वहां पर अभी भी ताले लटक रहे हैं। स्कूल चलें हम अभियान, साइकिल वितरण, छात्रवृत्ति योजना सहित तमाम तरह की योजनाएं चलाई जा रही हैं लेकिन स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। ग्रामीण क्षेत्र में बच्चे स्कूल छोड़ रहे हैं। क्योंकि उन्हें शिक्षा देने के लिए सरकार शिक्षक ही नहीं दे पाई। कई बच्चे पढ़ाई छोड़कर माता-पिता के साथ काम में हाथ बंटा रहे हैं।

### क्या कहते हैं जानकार...

शिक्षा विभाग से जुड़े जानकारों का कहना है कि अतिथि शिक्षकों की भर्ती हो, स्थायी नियुक्ति की प्रक्रिया भी सरल हो, शिक्षा देने के लिए हर स्कूल में शिक्षक जरूरी है। स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए शिक्षा विभाग को अतिथि शिक्षकों की भर्ती नए शैक्षणिक सत्र के साथ ही 1 अप्रैल से करनी चाहिए। इसकी प्रक्रिया को सरल करने के साथ ही इन अभ्यर्थी को एक जगह से यानि पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर मौका देना चाहिए। जिन अतिथि शिक्षकों के तीन साल पूरे गए हैं, उन्हें स्थायी भी कर सकते हैं। वहीं स्थायी नियुक्ति की प्रक्रिया भी सुगम करनी चाहिए। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े रिटायर्ड अफसरों का मार्गदर्शन लेना चाहिए।

### इनका कहना...

जहां पर्याप्त शिक्षक नहीं हैं वहां तात्कालिक व्यवस्था गेस्ट टीचर के माध्यम से की जाती है। उच्च पद के प्रभार की कार्रवाई समाप्त होने के बाद युक्तियुक्तकरण करेंगे। जहां अधिक शिक्षक हैं उन्हें कमी वाले स्कूलों में भेजेंगे।

**रश्मि अरुण शमी, प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग मप्र**

# गले लगकर कहा ईद मुबारक



**मंदसौर, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले में सोमवार को मुस्लिम समाज ने ईद ईद उल अजहा का त्यौहार हर्षोउल्लास के साथ मनाया। ईद की नमाज के बाद मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे के गले लगकर मुबारकबाद दी। ईद-उल-अजहा के माह का चांद शुक्रवार 7 जून को नजर आया था। 8 जून से ईद उल अजहा का माह शुरू हुआ। मुस्लिम उल-अजहा के माह के 10 तारीख को ईद-उल-अजहा यानी 17 जून सोमवार को मनाई गई। मंदसौर शहर के ईदगाह में समाजजनों ने ईद की नमाज अदा की। सुबह शहर काजी आसिफ उल्लाह खान ने ईद की नमाज अदा करवाई। मुस्लिम समाजजनों ने देश मे अमन चैन की दुआ के साथ नमाज अता की। ईद की नमाज अदा करने के बाद सभी मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाईयां दी। इस मौके पर पुलिस कप्तान श्री अनुराग सुजानिया भी पहुंचे और मुस्लिम भाइयों को बधाई दी। मंदसौर शहर के साथ ही अंचल में ईद का खासा उत्साह देखा गया। सभी जगह समाज जनों ने एक साथ नमाज अदा की ओर एक दूसरे के गले लग कर ईद की मुबारकबाद दी। ईद के त्योहार को देखते हुए जिले में सुरक्षा के माकूल इंतजाम किए गए थे।

## मामला नर्सिंग कालेज घोटालें का...

# गुनाह कॉलेज माफियाओं का, परिणाम भुगत रहे विद्यार्थी

### परीक्षा थमी, रिजल्ट रुके, ओवर ऐज हुए विद्यार्थी



**भोपाल/मंदसौर, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** नर्सिंग कॉलेज में सेटिंग के दम पर कॉलेज संचालन करना और उसके बाद जांच। जांच में भी खेल, इन सबके बीच मंदसौर, नीमच सहित प्रदेश के हजारों नर्सिंग कॉलेज स्टुडेंट का भविष्य खतरे में पड़ गया है। स्थिति यह है कि सरकारी परीक्षा के लिए तो कई विद्यार्थी ओवरऐज हो गए है। कईयों ने तो पढ़ाई छोड़ दूसरा काम शुरु कर दिया है। नर्सिंग स्टूडेंट एक बार फिर परेशानी में पड़ते दिख रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश के प्राइवेट नर्सिंग कॉलेजों की उस याचिका को खारिज कर दिया। जिसमें हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी। कोर्ट के इस फैसले के बाद प्राइवेट नर्सिंग कॉलेजों की दोबारा जांच होगी। इससे नर्सिंग स्टूडेंट का भविष्य भी दोबारा अधर में लटकता दिख रहा है। परीक्षाएं हो नहीं रहीं हैं, परिणाम रुके पड़े हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने बहुचर्चित नर्सिंग फर्जीवाड़ा मामले में 169 सूटेबल कॉलेजों की दोबारा सीबीआई जांच के एमपी हाईकोर्ट के आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया है। इसी के साथ प्राइवेट नर्सिंग कॉलेजों की याचिका को भी खारिज कर दिया। एमपी हाईकोर्ट ने 30 मई को मान्यता संबंधी दोबारा सीबीआई जांच के आदेश जारी किए थे। प्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सुप्रीम कोर्ट ने प्राइवेट नर्सिंग कॉलेज की याचिका को खारिज करते हुए उन्हें एमपी हाईकोर्ट में ही अपील करने की सलाह दी। बता दें कि प्रथम चरण में प्रदेश के 308 कॉलेजों की जांच की गई थी। इसमें से 169 नर्सिंग कॉलेजों को सूटेबल , 66 कॉलेजों को अनसूटेबल और 73 कॉलेजों को डेफिसिएंट कैटेगरी में रखा गया।

### नर्सिंग कॉलेज घोटाला अपडेट

**जनवरी 2022:** प्राइवेट नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता में फर्जीवाड़े पर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर

**मार्च 2022:** हाईकोर्ट ने सरकार और कॉलेजों को नोटिस जारी किए

**जून 2022:** सरकार की रिपोर्ट में फर्जीवाड़े का खुलासा, बिना बिल्डिंग के भी कॉलेजों को मान्यता दे दी गई थी

**सितंबर 2022:** हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने सीबीआई जांच के आदेश दिए

**जुलाई 2023:** नर्सिंग मामले की सभी याचिकाएं हाईकोर्ट जबलपुर स्थानांतरित

**फरवरी 2024:** सीबीआई ने जांच रिपोर्ट पेश की

**मई 2024 :** सीबीआई दिल्ली ने रिश्वत कांड में जांच अफसर और कॉलेज अधिकारियों को पकड़ा।

### मंदसौर-नीमच में एक हजार विद्यार्थी...

मंदसौर-नीमच की बात करें तो करीब एक हजार विद्यार्थियों ने एडमिशन लिया था। प्रदेश में यह संख्या लाखों में पहुंचती है। अब दोबारा जांच से अध्ययन, परीक्षा, परिणाम सभी में दोबारा विलंब होना तय है। जुलाई 2023 में आयोजित प्री नर्सिंग सिलेक्शन टेस्ट पीएनएसटी की परीक्षा का रिजल्ट अभी तक नहीं आया है। प्रथम वर्ष के तीन-साल पूरे होने पर भी परीक्षा नहीं हुई।

# पीएनबी का एटीएम आये दिन रहता है खराब, नागरिक हो रहे परेशान



**नगरी, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** नगर की एक मात्र राष्ट्रीयकृत बैंक पंजाब नेशनल बैंक का एटीएम आये दिन तकनीकी खराबी के कारण काम नहीं करता है । नगर परिषद क्षेत्र में एक ही एटीएम मशीन की खराबी के कारण नागरिकों को परेशान होना पड़ता है । बैंक उपभोक्ता सुरेश टेलर ने बताया कि एटीएम मशीन में कार्ड फसाने के बाद कार्ड इज नॉट प्रोसेस्ड का मैसेज दिखाई दे रहा है । लगातार दो दिनों तक बैंक की छूट्टी रहने से जिन लोगों को केश राशि की आवश्यकता पड़ती है, उन्हें परेशान होना पड़ रहा है। एटीएम मशीन आये दिन खराब रहती हैं । अन्य बैंक की शाखा नहीं होने से एक मात्र एटीएम मशीन के काम नहीं करने पर नागरिकों को मजबूरन दलोदा की और रूख करना पड़ता है। नागरिकों ने एटीएम मशीन के सुव्यवस्थित संचालन की मांग की हैं ।

# क्षेत्र में 1 करोड़ 10 लाख रुपए के निर्माण कार्य हुए स्वीकृत- विधायक जैन

**मंदसौर, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा क्षेत्र मंदसौर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए लोकप्रिय विधायक विपिन जैन की अनुशंसा पर 1 करोड़ 10 लाख रुपए के निर्माण कार्य स्वीकृत हुए हैं ज्ञात हो कि



फरवरी में विधानसभा सत्र के दौरान क्षेत्रीय विधायक विपिन जैन द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को विधानसभा क्षेत्र मंदसौर अंतर्गत ग्राम पंचायत में निर्माण राशि की स्वीकृत करने हेतु अनुरोध कर पत्र सौपा गया था। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसरचना योजना अंतर्गत तकनीकी स्वीकृति पश्चात निर्माण कार्य की राशियां स्वीकृत हो गई है निर्माण कार्य अंतर्गत ग्राम पंचायत मजेसरा मे सोमली नदी पर स्टॉप डैम निर्माण कार्य हेतु 24.51 लाख रूपए , ग्राम पंचायत मुल्तानपुरा अंतर्गत मुख्य बाजार में सीसी रोड निर्माण हेतु 20 लाख रुपए , ग्राम पंचायत भावगढ़ में बस स्टैंड पर सी.सी रोड निर्माण कार्य हेतु 20 लाख रुपए , ग्राम पंचायत खिलचीपुरा अंतर्गत ग्राम नालछा में सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु 10 लाख रुपए , ग्राम पंचायत रीछाबच्चा में नई आबादी में मांगलिक कार्यक्रम हेतु टिन शेड निर्माण कार्य हेतु 10 लाख रुपए , ग्राम पंचायत देहरी में वार्ड क्रमांक 2 में सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु 10 लाख रुपए , ग्राम पंचायत निंबोद में शांतिवन में सी.सी निर्माण कार्य हेतु 5 लाख रूपए , ग्राम पंचायत ढिकोला में पुलिया निर्माण कार्य हेतु 5 लाख रूपए , ग्राम पंचायत आधारी निरधारी में मांगलिक भवन की बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य हेतु 5 लाख रूपए राशि स्वीकृत हुई है। इन निर्माण कार्य की स्वीकृत होने पर विधायक विपिन जैन और उक्त ग्राम पंचायतो के सरपंचो और जनता ने मुख्यमंत्री मोहन यादव , उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को धन्यवाद ज्ञापित कर हर्ष व्यक्त किया।

# विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका –सांसद

## दलौदा और मंदसौर ग्रामीण मंडल में कार्यकर्ता आभार सम्मेलन सम्पन्न



**मंदसौर, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत पर दलौदा एवं मंदसौर ग्रामीण मंडल में कार्यकर्ता आभार सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में सांसद सुधीर गुता ने जीत का पूरा श्रेय सभी भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों को देते हुए उपस्थित सभी के प्रति हृदय से आभार जताया। सांसद गुप्ता ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी ही नही बल्कि सबसे बड़ा परिवार है। एक परिवार के सदस्य के रूप में सभी कार्यकर्ताओं ने अपना दायित्व पूरी निष्ठा, सेवा, समर्पण भाव से निभाया। उन्होने कहा कि भाजपा पदाधिकारियों के नेतृत्व में जिस प्रकार से दो माह में जो काफी लंबा अंतराल था उसमें सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं की मेहनत की पराकाष्ठा कर क्षेत्र में ऐतिहासिक रिकार्ड मतों से जीत कराई। यही नहीं प्रदेश की सभी सीटों पर ऐतिहासिक विजय प्राप्त कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तिसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई। नरेन्द्र मोदी जी विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए जी जान से जुटे है और इसी विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होने वाली है। उन्होने कहा कि जनता और आपने जो विश्वास मुझ पर जताया है आने वाले सालों में पूरी निष्ठा के साथ पूर्ण करूंगा और क्षेत्र के विकास के लिए, युवाओं, किसान, महिलाओं के लिए जो भी कार्य योजनाएं होंगी उन्हे पूर्ण करने का प्रयास करूंगा।

## जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन

**भानपुरा, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 6 जून से 16 जून तक नमामि गंगे अभियान अंतर्गत नगर परिषद भानपुरा के तत्वाधान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। समापन अवसर पर रेवा नदी के बीच स्थित गंगा माता मंदिर में महा आरती का आयोजन हुआ। व प्रसादी वितरण की गई। तथा रात्रि में संगीतमय सुंदरकांड के आयोजन के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन हो गया। रविवार 16 जून को श्री गंगा दशहरा के अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन रेवा नदी रेवा नदी के बीच स्थित गंगा माता मंदिर में रात्रि करीब 8 बजे नगर परिषद अध्यक्ष विनोद शिव भानपिया ने पंडित श्रीधर शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ मां गंगा का पूजन किया गया। व महा आरती की गई एवं प्रसादी का वितरण किया गया। आयोजित कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष नगर परिषद भानपुरा श्रीनाथ उपाध्याय, पार्षद गण सुभाष बागड़ी, रोडूलाल चारण, बबलू गुर्जर, पोरवाल समाज अध्यक्ष सुरेश सेठिया, प्रेस क्लब अध्यक्ष हरिकृष्ण मरमट सहित नगर परिषद कर्मचारी गण, पोरवाल समाज महिला मंडल, श्री सूर्यवंशी कुमरावत तंबोली समाज महिला मंडल, नगर के विभिन्न सामाजिक संगठन, गणमान्यजन महिला पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित थे। महा आरती व प्रसादी वितरण के बाद गंगा माता मंदिर रेवा नदी तट पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी संपन्न हुआ। इसके साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन हो गया।

# तेजी से उभर रहा गोवा की तर्ज पर मिनी गोवा कंवला

**अमित हरसोला**

**भानपुरा, 17 जून गुरु एक्सप्रेस।** भानपुरा तहसील का गांव कंवला अभी चर्चा में है जिसका कारण है गांव में बढ़ता पर्यटन आज ये पोस्ट उसी स्थान के बारे में है - ग्राम कंवला चारो ओर से मां चंबल के आंचल से घिरा है उसी में गांव का दक्षिण पश्चिमी क्षेत्र जिस में पर्यटन कि असीम संभावनाएं है , गांव की आबादी क्षेत्र से दूर दक्षिण में चंबल के तट पर दो विशाल शिलाखंड स्थित है - इन शिलखंडो में एबाबिल पक्षी के मिट्टी से बने सुन्दर घरौंदे होने के कारण इन्हें गांव में ' चिड़ी वाला पत्थर 'भी कहते है , इन्हीं दो विशाल शिलाखंडो की परिधि में चंबल अपना विराट स्वरूप लिए बहती है , पश्चिमी हवा होने पर चंबल की विशाल , उंची उंची लहरें पानी स्थित चट्टानों से अटखेलिया करते हुए रेत को धकेलते हुए किनारों को आकार देती है , इस प्रकार लगातार लहरों कि मार से रेत ने जमा होकर किनारों को बीच(लशरलह) का स्वरुप दे दिया है , यही कारण है कि आने वाले पर्यटक इसे मिनी गोवा की संज्ञा देने लगे है , दिन भर चंबल की लहरे किनारों से टकराकर अपने विराट स्वरूप का एहसास करवाती रहती है , शाम होते होते हवा के साथ कभी लहरों का जोश बढ़ जाता है तो कभी विपरीत हवा की दिशा होने पर मां चंबल शान्त होकर अपने कोमल स्वरूप को दर्शाती है , चंबल की लहरों तथा पर्यटकों के आवाजाही के बीच इन दो विशाल शिला खंडो के आसपास जीवन का ताना बाना चलता रहता है , दिन भर अपने चुजो के लिए भोजन लाते अबाबील पक्षी भी शाम होते होते घरोंदो से निकल आसमान में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने लगातार चक्कर लगाते रहते है , सूर्यास्त के समय यह दृश्य अत्यंत मनोहारी होता है एक ओर सूरज अपनी अंतिम किरणों से समस्त रोशनी उड़ेल देना चाहता है वहीं दूसरी ओर अबाबील पक्षियों का झुंड हवा के साथ आसमां से होड लगाते है , इस प्रकार सूर्यास्त के साथ धीरे धीरे सबकुछ शान्त होने लगता है , पक्षी अपने घोसलो में लौटने लगते है ओर ओर फिर चंबल भी शान्त हो जाती है ,अगले दिन फिर से चट्टानों से टकराने तक के लिए ... इन दो विशाल शिला खंडों में आदिमानव द्वारा लाखो वर्ष पूर्व बनाए गए शैल चित्र भी है जो मानव की विकास यात्रा , इन चट्टानों के अस्तित्व , तथा चंबल की विराट स्वरूप के साक्षी है। यह स्थान अत्यंत ही मनोरम है , यहां जाने हेतु आप भानपुरा से 8 कि मी दूर गांव कंवला (कोहला) में आना होगा , गांव के आबादी क्षेत्र में गांव की शुरुआत से आबादी क्षेत्र के अंतिम सिरे के बाद से कच्चा प्राकृतिक मार्ग है जो सीधा इन दो चट्टानों तक जाता जहां आप अपने परिवार सहित , दोस्तो सहित जाकर मा चंबल के अनुपम सौंदर्य का आनंद ले सकते है।





# **** जाहिर सूचना ****

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी वैभव पिता यशवंत जी विजयवर्गीय निवासी महात्मा गांधी मार्ग पिपलिया मंडी के पक्ष में उनके दादा जी श्री सुरजमल पिता श्री छोगालाल जी विजयवर्गीय निवासी महात्मा गांधी मार्ग पिपलिया मंडी के द्वारा उनकी स्वअर्जीत कृषि भुमियां जिनका भुमि सर्वे क्रमांक 520/1 रकबा 0.90 आरी व सर्वे क्रमांक 520/2 रकबा 1.50 हैक्टेयर व सर्वे क्रमांक 521/1 रकबा 0.80 हैक्टेयर कुल तीन सर्वे क्रमांक एवं कुल रकबा 3.20 हैक्टेयर भूमि जो मोजा काचरिया चन्द्रावत तहसील मल्हारगढ़ जिला मंदसौर में स्थित होकर एवं एक महात्मा गाधी मार्ग वार्ड क्रमांक 04 में स्थित मकान होकर जिसकी मेरे व्यवहारी के पक्ष मे दिनांक 23/11/2017 को एक वसीयत समक्ष साक्षीगण के लिखवाकर सबरजिस्टार मल्हारगढ के यहा पर पंजीकृत करवाई गई। इस प्रकार इन कृषि भुमियो एवं मकान की सुरजमल जी के द्वारा की गई पंजीकृत वसीयत के अनुसार सुरजमल जी के स्वर्गवास दिनांक 25/02/2023 को हो गया होने से सुरजमल जी के स्वर्गवास के दिन से ही मेरा व्यवहारी इन उक्त कृषि भूमियो का स्वामी होकर उक्त कृषि भूमियों पर मेरे व्यवहारी का सुरजमल जी के समय से ही सुरजमल जी के साथ संयुक्त अधिपत्य रहा है तथा सुरजमल जी के स्वर्गवास के पश्चात से एक मात्र उक्त भुमियो एवं मकान पर मेरे व्यवहारी का एकल स्वत्व व आधिपत्य चला आ रहा है। किन्तु इन्दरमल पिता सुरजमल विजयवर्गीय निवासी कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ का तथा दिलखुश पति ललीत विजयवर्गीय निवासी मनासा के द्वारा असत्य आधारो पर गलत जानकारी देकर तहसीलदार से उक्त भुमियो का वारिस बताकर असत्य नामांतरण आदेश करवाया तथा ऐसे अविधिक आदेश हो जाने से यह दोनो इन्दरमल व दिलखुश उक्त कृषि भुमियो को विक्रय करने पर आमादा है तथा बाजार में ग्राहक लगा रहे है जबकि तहसीलदार के आदेश के विरूद्ध अनुविभागीय अधिकारी मल्हारगढ क्रं 81/ अपील/2023-24 में दिनांक 19/01/2024 को आदेश पारित कर तहसीलदार के आदेश को स्थगित किया गया है उसके बावजूद भी दोनो उक्त कृषि भुमियो को बिक्री करने पर आमादा है जबकि उक्त भुमियो के संबंध में मेरे व्यवहारी में ईन्दरमल व दिलखुश व अन्य के विरुद्ध एक वाद न्यायालय नारायणगढ प्र. क्रं आरसीए क्रं 08/2024 प्रस्तुत कर रखा है जिसमे माननीय न्यायालय के द्वारा दिनांक 27/05/2024 को उक्त सभी भुमियों को इन्दरमल पिता सुरजमल विजयवर्गीय निवासी कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ का तथा दिलखुश पति ललीत विजयवर्गीय निवास मनासा के द्वारा वाद के विचारण तक उक्त भुमियों के विक्रय या अन्यथा अंतरित या उस पर भार बोझ कायम नही करने बाबत अस्थायी निषेधाज्ञा जारी की गई है तथा जिस संबंध में वेभव द्वारा उपरजिस्टार मल्हारगढ तथा जिला रजिस्ट्रार मंदसौर के समक्ष आपत्ति भी प्रस्तुत कर रखी है। तथा व जो वाद विचाराधिन होकर उक्त भुमियो व मकान पर मेरा व्यवहारी का एक मात्र स्वत्व व आधिपत्य है।

अत: हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति या संस्था शासकीय या अर्द्धशासकीय उक्त दोनो ईन्दरमल व दिलखुश से उक्त कृषि भुमियो के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई भी गिरवी या बिक्री या अन्य किसी भी प्रकार का संव्यवहार नहीं करे अन्यथा वह मेरे व्यवहारी के स्वत्वो के मुकाबले शून्य होकर मेरे व्यवहारी पर बंधनकारी नही रहेगा। ओर उसकी सभी जवाबदारी उसकी स्वयं की रहेगी, सो सूचित हो।

भवदीय वास्ते व्यवहारी
कमल कुमार चौधरी एडवोकेट एवं नोटरी
पिपलिया मंडी, तहसील मल्हारगढ़


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in